# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........The Tribune........

दिनांक 27.3.2019 पृष्ठ सं. ....4....... कॉलम ...4-5.......



The group of students with university Vice Chancellor KP Singh.

# 20 students of agri varsity to get training at Prague

HISAR, MARCH 26

As many as 20 students of Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCSHAU) will get two-month training for skill and entrepreneurship development at the Czech University of Life Sciences, Prague, which is known for its agricultural education and research.

For this international training, 15 final year students of BSc (Hons) Agriculture, four BSc (Hons) Home Science students and one BTech Agricultural Engineering students have been selected.

The training will be conducted under a World Bank-funded project 'Strengthening Institutional Capacity to Produce Skilled Professional for Market Driven Agriculture', which has been approved by the Indian Council of Agricultural Research (ICAR).

The training aims at experimentation in world-class laboratories and creation of next generation manpower trained in sophisticated instrumentation. The students will acquire knowledge of various cropping systems, types of soil, crop protection measures, industrial and field exposures. — TNS

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......The Hindustan Times......

दिनांक 27.3.2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...1...

**20 agri varsity students to get training abroad**

**HISAR:** Twenty students of Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCSHAU) will get two months' training for skill and entrepreneurship development in the Czech University of Life Sciences, Prague, under a World Bank-funded project. These students will acquire knowledge of different cropping systems, types of soil, crop protection measures and field exposures. **HTC**

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......
दिनांक 27.3.2019 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....3-5....



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज प्राग जाने वाला विद्यार्थियों का दल।

# एचएयू के 20 विद्यार्थी विदेश में लेंगे प्रशिक्षण

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 20 विद्यार्थी विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत कृषि, शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रसिद्ध चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज प्राग में कौशल और उद्यमिता विकास के लिए दो माह का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

इस अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चुने गए विद्यार्थियों में बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के 15, बीएससी (ऑनर्स) होम साइंस के चार और बीटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष का एक विद्यार्थी शामिल है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना के तहत बाजार प्रेरित कृषि के लिए कुशल व्यावसायी तैयार करने के लिए संस्थागत क्षमता सुदृढ़ नामक विश्व बैंक से वित्त पोषित परियोजना चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को प्रदान की है। ये विद्यार्थी इस परियोजना के अंतर्गत चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज प्राग में कौशल और उद्यमिता विकास के लिए प्रशिक्षण लेंगे। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्व की प्रमुख प्रयोगशालाओं में कार्य करने और सर्वोत्तम शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं के मार्गदर्शन में

### कौशल और उद्यमिता विकास के लिए दो माह का लेंगे प्रशिक्षण

प्रशिक्षित करके अगली पीढ़ी की जनशक्ति का निर्माण करने के अतिरिक्त शैक्षिक और अनुसंधान साझेदारी के माध्यम से द्विपक्षीय सहयोग का समेकन करना है। ये विद्यार्थी विभिन्न फसल प्रणालियों, मिट्टी के प्रकार, फसल सुरक्षा उपायों आदि के साथ औद्योगिक और क्षेत्र जोखिमों का भी ज्ञान प्राप्त करेंगे। विद्यार्थियों की आने-जाने की यात्रा और प्राग में ठहरने की अवधि के दौरान खर्चों का वहन विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 27.3.2019 पृष्ठ सं. 12 कॉलम 3-5

# एचएयू के 20 विद्यार्थी चेक यूनिवर्सिटी में लेंगे प्रशिक्षण


विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज प्राग जाने वाला विद्यार्थियों का दल। ● जागरण

जागरण संवाददाता हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के 20 विद्यार्थी विश्व बैंक की तरफ से वित्त पोषित परियोजना के तहत चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज प्राग में कौशल और उद्यमिता विकास के लिए दो माह का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चुने गए विद्यार्थियों में बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के 15, बीएससी (ऑनर्स) होम साइंस चार और बीटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग में अंतिम वर्ष के एक विद्यार्थी को शामिल किया गया है। वहां के लिए रवाना होने से पूर्व विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की।

बता दें कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना के तहत बाजार प्रेरित कृषि के लिए कुशल व्यवसायी तैयार करने के लिए संस्थागत क्षमता सुदृढ़ नामक विश्व बैंक से वित्त पोषित परियोजना एचएयू को प्रदान की है।

**पूरा खर्च विश्वविद्यालय उठाएगा** : इस अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्व की प्रमुख प्रयोगशालाओं में कार्य करने और सर्वोत्तम शिक्षाविदों व शोधकर्ताओं के मार्गदर्शन में परिष्कृत उपकरणों के प्रयोग में प्रशिक्षित करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपरोक्त विद्यार्थी विभिन्न फसल प्रणालियों, मिट्टी के प्रकार, फसल सुरक्षा उपायों आदि के साथ औद्योगिक और क्षेत्र जोखिमों का भी ज्ञान प्राप्त करेंगे। इन विद्यार्थियों का पूरा खर्च विश्वविद्यालय वहन करेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........ पंजाब केसरी ........
दिनांक 27.3.2019 पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ....1-3....

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 20 विद्यार्थी विदेश में लेंगे प्रशिक्षण



▲ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह के साथ चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज प्राग जाने वाला विद्यार्थियों का दल।

हिसार, 26 मार्च(ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 20 विद्यार्थी विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत कृषि शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रसिद्ध चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग में कौशल और उद्यमिता विकास हेतु दो माह का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चुने गए विद्यार्थियों में बी.एस.सी. आनर्स एग्रीकल्चर, बी.एस.सी. आनर्स, होम साइंस के 15 व बीटैक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के 4 और एक विद्यार्थी शामिल हैं।

चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के लिए प्रस्थान करने से पूर्व उपरोक्त विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. के.पी. सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर एग्रीकल्चर कालेज के डीन एवं उपरोक्त परियोजना के मुख्य अन्वेषक डा. के.एस. ग्रेवाल, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग कालेज के डीन एवं सह-मुख्य अन्वेषक डा. आर.के. झोरड़, डीन पी.जी.एस., डा. आशा कवात्रा, होम साइंस कालेज की डीन, डा. बिमला ढांडा और परियोजना के संपर्क अधिकारी डा. मुकेश कुमार भी उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक ट्रिब्यून....

दिनांक 27.3.2019 पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ....5-6....

## 20 विद्यार्थी जाएंगे चेक गणराज्य



हिसार में मंगलवार को हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग जाने वाला विद्यार्थियों का दल। -निस

**हिसार (निस) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 20 विद्यार्थी विश्व बैंक द्वारा वित पोषित परियोजना के तहत कृषि शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रसिद्ध चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग में कौशल और उद्यमिता विकास के लिए 2 माह का प्रशिक्षण करने के लिए जाएंगे। जिसके लिए चुने गए विद्यार्थियों में बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के 15, बीएससी (ऑनर्स) होम साइंस के 4 और बीटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष का एक विद्यार्थी शामिल है। प्राग के लिए प्रस्थान करने से पूर्व उपरोक्त विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की। कुलपति ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........
दिनांक 27.3.2019 पृष्ठ सं. ....5.... कॉलम ...6.7...

# चेक यूनिवर्सिटी में एचएयू के 20 विद्यार्थी दो महीने लेंगे प्रशिक्षण

भास्कर न्यूज़| हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 20 विद्यार्थी विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत कृषि शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रसिद्ध चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंस, प्राग में कौशल और उद्यमिता विकास के लिए दो माह का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चुने गए विद्यार्थियों में बीएस-सी (आनर्स) एग्रीकल्चर के 15, बीएस-सी. (आनर्स) होम साइंस के 4 और बीटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के एक विद्यार्थी शामिल हैं। मंगलवार को यहां जाने वाले विद्यार्थी कुलपति प्रो केपी सिंह से मिले। उन्होंने छात्रों को प्रदेश ही नहीं देश के भविष्य लिए काम करने की शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना के तहत बाजार प्रेरित कृषि के लिए कुशल व्यावसायी तैयार करने के लिए संस्थागत क्षमता सुदृढ़ नामक विश्व बैंक से वित्त पोषित परियोजना चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को प्रदान की है। एग्रीकल्चर कालेज के डीन डॉ. केएस ग्रेवाल, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग कालेज के डीन डॉ. आर.के. झोरड़, डीन पीजीएस डॉ. आशा कवात्रा, होम साइंस कालेज की डीन डॉ. बिमला ढांडा और परियोजना के संपर्क अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......नभ छोर......

दिनांक 26.3.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...1-5...

# हकृवि के 20 विद्यार्थी विदेश में लेंगे प्रशिक्षण



हिसार/26 मार्च/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 20 विद्यार्थी विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत कृषि शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रसिद्ध चेक 'यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग में कौशल और उद्यमिता विकास हेतु दो माह का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चुने गए विद्यार्थियों में बीएससी (ऑनर्ज) एग्रीकल्चर, बीएससी (ऑनर्ज) होम साइंस और बीटैक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के क्रमश: 15, 4 और एक विद्यार्थी शामिल हैं। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना के तहत बाजार प्रेरित कृषि के लिए कुशल व्यावसायी तैयार करने हेतु संस्थागत 'क्षमता सुदृढ़ नामक विश्व बैंक से वित्त पोषित परियोजना चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को प्रदान की है। उपरोक्त विद्यार्थी इस परियोजना के अंतर्गत चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग में कौशल और उद्यमिता विकास के लिए प्रशिक्षण लेंगे। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्व की प्रमुख प्रयोगशालाओं में कार्य करने और सर्वोत्तम शिक्षाविदों व शोधकर्ताओं के मार्गदर्शन में परिष्कृत उपकरणों के प्रयोग में प्रशिक्षित करके अगली पीढ़ी की जनशक्ति का निर्माण करने के अतिरिक्त शैक्षिक और अनुसंधान साझेदारी के माध्यम से द्विपक्षीय सहयोग का समेकन करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपरोक्त विद्यार्थी विभिन्न फसल प्रणालियों, मिट्टी के प्रकार, फसल सुरक्षा उपायों आदि के साथ औद्योगिक और क्षेत्र जोखिमों का भी ज्ञान प्राप्त करेंगे। इन विद्यार्थियों की आने-जाने की यात्रा और प्राग में ठहरने की अवधि के दौरान खर्चों का वहन विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। गत दो सप्ताह की अवधि के भीतर शिक्षा के लिए किसी विदेशी विश्वविद्यालय में जाने वाला चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का यह दूसरा दल है। इससे पूर्व इस विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थी एग्रीकल्चर में शिक्षा ग्रहण करने के लिए टोकियो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान गए हैं। चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के लिए प्रस्थान करने से पूर्व उपरोक्त विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया जबकि कुलपति ने उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण विद्यार्थियों को कृषि, खाद्य विज्ञान और कृषि अभियान्त्रिकी के क्षेत्रों में नवीन ज्ञान को हासिल करने का अवसर प्रदान करेगा जिसका केवल हरियाणा प्रदेश को ही नहीं अपितु देश को लाभ होगा। इस अवसर पर एग्रीकल्चर कालेज के डीन एवं उपरोक्त परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ. केएस ग्रेवाल, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग कालेज के डीन एवं सह-मुख्य अन्वेषक डॉ. आरके झोरड़, डीन पीजीएस, डॉ. आशा कवात्रा, होम साइंस कॉलेज की डीन, डॉ. बिमला ढांडा और परियोजना के संपर्क अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार भी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पंजाब केसरी, दैनिक जागरण......

दिनांक 27-3-2019 पृष्ठ सं. ....4, 17.... कॉलम ....1-4, 4-5....

# एच.ए.यू. की छात्राओं ने पुरस्कार जीत बढ़ाया यूनिवर्सिटी का गौरव



*भावना, नेहा, प्रियंका, मोनिका व सोनाली।*

हिसार, 26 मार्च (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मॉलेक्यूलर बायोलॉजी, बायोटैक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की छात्राओं ने विभिन्न संस्थानों द्वारा हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में पुरस्कार प्राप्त करके इस विश्वविद्यालय को गौरव बढ़ाया है। पुरस्कार जीतने वाली छात्राओं में उपरोक्त विभाग में पी.एच.डी. की छात्राएं सोनाली सांगवान, नेहा छाबड़ा और मोनिका जबकि एम.एस.सी. की प्रियंका और भावना शामिल हैं।

मॉलेक्यूलर बायोलॉजी, बायोटैक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की अध्यक्षा डा. पुष्पा खरब ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सोनाली सांगवान ने एनीड ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर विषय पर एच.ए.यू. द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार तथा नेहा छाबड़ा ने रोल ऑफ जैनेटिक्स, एपीजेनेटिक्स, एनवायरनमैंट एंड न्यूट्रीशन टूवार्डस प्लांट, एनीमल एंड ह्यूमन हैल्थ अंडर क्लाइमेट चेंज विषय पर हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टैक्नोलॉजी, मथुरा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिक प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि प्रियंका ने सस्टेनेबल एनवायरनमैंट एंड एग्रीकल्चर अंडर ग्लोबल क्लाइमेट चेंज विषय पर डिपार्टमैंट ऑफ एनवायरनमैंटल साइंस, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह तथा उपयुक्त कालेज के डीन, डा. राजबीर सिंह ने इन छात्राओं की इस सफलता के लिए उन्हें बधाई दी।

## एचएयू की 5 छात्राओं ने जीते पुरस्कार

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइंफोर्मेटिक्स विभाग की छात्राओं ने विभिन्न संस्थानों द्वारा हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में पुरस्कार प्राप्त किए।

मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइंफोर्मेटिक्स विभाग की अध्यक्षा डा. पुष्पा खरब ने बताया कि सोनाली ने एचएयू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ए नीड ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर विषय पर पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार हासिल किया था। नेहा छाबड़ा ने रोल ऑफ जेनेटिक्स, एपीजेनेटिक्स, एनवायरनमेंट एंड न्यूट्रीशन टूवाड्र्स प्लांट, एनीमल एंड ह्यूमन हेल्थ अंडर क्लाइमेट चेंज विषय पर हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मथुरा में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिक प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। मोनिका ने बायोडाइवर्सिटी एंड एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी इन मॉडर्न इरा विषय पर जाट कॉलेज हिसार में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बेस्ट पोस्टर अवार्ड हासिल किया था।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......
दिनांक 27.3.2019 पृष्ठ सं. ...5... कॉलम ...1:3...

# सस्टेनेबल एग्रीकल्चर में सोनाली और रोल ऑफ जेनेटिक्स में नेहा रहीं अव्वल

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फार्मेटिक्स विभाग की छात्राओं ने विभिन्न संस्थानों द्वारा हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में पुरस्कार प्राप्त करके इस विश्वविद्यालय को गौरव दिलाया है। पुरस्कार जीतने वाली छात्राओं में उपरोक्त विभाग में पी-एच.डी. की छात्राएं सोनाली सांगवान, नेहा छाबड़ा और मोनिका जबकि एम.एस-सी. की प्रियंका और भावना शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह तथा उपर्युक्त कालेज के डीन, डॉ. राजबीर सिंह ने इन छात्राओं की इस सफलता के लिए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### इन स्पर्धाओं में जीते खिलाड़ी

मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फार्मेटिक्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. पुष्पा खरब ने बताया कि सोनाली सांगवान ने ए नीड ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर विषय पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार तथा नेहा छाबड़ा ने रोल ऑफ जेनेटिक्स, एपीजेनेटिक्स, एनवायरनमैंट एंड न्यूट्रीशन टूरवार्डस प्लांट, एनीमल एंड ह्यूमन हैल्थ अंडर क्लाइमेट चेंज विषय पर हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मथुरा द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिक प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार मोनिका ने बायोडायवर्सिटी एंड एनवायरनमैंटल सस्टेनेबिलिटी इन माडर्न इरा विषय पर डिपार्टमैंट ऑफ जोलोजी, छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज, हिसार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बैस्ट पोस्टर अवार्ड, भावना ने व्हीट प्रोडक्टीविटी एन्हांसमैंट थ्रू क्लाइमेट स्मार्ट प्रेक्टिसीज विषय पर हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ व्हीट एंड बार्ले रिसर्च, करनाल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ग्रुप मीटिंग में बैस्ट पोस्टर अवार्ड जबकि प्रियंका ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम नभ छोर
दिनांक 26:3:2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 2:5

# हकृवि की पीएचडी छात्रा सोनाली, नेहा, मोनिका, प्रियंका व भावना ने जीते पुरस्कार

हिसार/26 मार्च/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मॉलेक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की छात्राओं ने विभिन्न संस्थानों द्वारा हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में पुरस्कार प्राप्त करके इस विश्वविद्यालय को गौरव दिलाया है। पुरस्कार जीतने वाली छात्राओं में उपरोक्त विभाग में पीएचडी की छात्राएं सोनाली सांगवान, नेहा छाबड़ा और मोनिका जबकि एमएससी की प्रियंका और भावना शामिल हैं। मॉलेक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की अध्यक्ष डॉ. पुष्पा खरब ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सोनाली सांगवान ने 'ए नीड ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर' विषय पर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार तथा नेहा छाबड़ा ने 'रोल ऑफ जैनेटिक्स, एपीजैनेटिक्स, एनवायरनमैंट एंड न्यूट्रीशन टूवार्डस प्लांट, एनीमल एंड ह्यूमन हैल्थ अंडर क्लाइमेट चेंज' विषय पर हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टैक्नोलॉजी, मथुरा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिक प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार मोनिका ने 'बायोडायवर्सिटी एंड एनवायरनमैंटल सस्टेनेबिलिटी इन माडर्न इरा' विषय ,पर डिपार्टमैंट ऑफ जूलॉजी, छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बैस्ट पोस्टर अवार्ड, भावना ने 'व्हीट प्रोडक्टीविटी एन्हांसमैंट थ्रू क्लाइमेट स्मार्ट प्रेक्टिसीज' विषय पर हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ व्हीट एंड बार्ले रिसर्च, करनाल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ग्रुप मीटिंग में बैस्ट पोस्टर अवार्ड जबकि प्रियंका ने 'सस्टेनेबल एनवायरनमैंट एंड एग्रीकल्चर अंडर ग्लोबल क्लाइमेट चैंज' विषय पर डिपार्टमेंट ऑफ एनवायरनमैंटल साइंस, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह तथा कॉलेज के डीन, डॉ. राजबीर सिंह ने इन छात्राओं को इस सफलता के लिए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........सिटी पल्स........
दिनांक 26.3.2019 पृष्ठ सं. ....4........ कॉलम ....6.1-5....

# हकृवि की पांच छात्राओं ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में जीते पुरस्कार

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मॉलेक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की छात्राओं ने विभिन्न संस्थानों द्वारा हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में पुरस्कार प्राप्त करके इस विश्वविद्यालय को गौरव दिलाया है।

पुरस्कार जीतने वाली छात्राओं में उपरोक्त विभाग में पीएचडी की छात्राएं सोनाली सांगवान, नेहा छाबड़ा और मोनिका जबकि एमएससी की प्रियंका और भावना शामिल हैं।

मॉलेक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की



हिसार। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

अध्यक्षा डॉ. पुष्पा खरब ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सोनाली सांगवान ने ए नीड ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर विषय पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार तथा नेहा छाबड़ा ने रोल ऑफ जैनेटिक्स, एपीजेनेटिक्स, एनवायरनमैंट एंड न्यूट्रीशन टूवार्डस प्लांट, एनीमल एंड ह्यूमन हैल्थ अंडर क्लाइमेट चेंज विषय पर हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मथुरा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिक प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

इसी प्रकार मोनिका ने बायोडायवर्सिटी एंड एनवायरनमैंटल सस्टेनेबिलिटी इन मार्डन इरा विषय पर डिपार्टमैंट ऑफ जोलोजी, छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज, हिसार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बैस्ट पोस्टर अवार्ड, भावना ने व्हीट प्रोडक्टीविटी एन्हांसमैंट थ्रू क्लाइमेट स्मार्ट प्रेक्टिसीज़ विषय पर हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ व्हीट एंड बार्ले रिसर्च, करनाल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ग्रुप मीटिंग में बैस्ट पोस्टर अवार्ड जबकि प्रियंका ने सस्टेनेबल एनवायरनमैंट एंड एग्रीकल्चर अंडर ग्लोबल क्लाइमेट चेंज विषय पर डिपार्टमेंट ऑफ एनवायरनमैंटल साइंस, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह तथा उपर्युक्त कॉलेज के डीन, डॉ. राजबीर सिंह ने इन छात्राओं की इस सफलता के लिए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....नित्य शक्ति टाइम्स....

दिनांक 26.3.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-3....

# हकृवि छात्राओं ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में पुरस्कार जीतकर दिलाया विश्वविद्यालय को गौरव







पीएचडी की छात्राएं सोनाली सांगवान, नेहा छाबड़ा और मोनिका जबकि एमएससी की प्रियंका और भावना शामिल हैं।

हिसार, 26 मार्च (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की छात्राओं ने विभिन्न संस्थानों द्वारा हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में पुरस्कार प्राप्त करके इस विश्वविद्यालय को गौरव दिलाया है।

पुरस्कार जीतने वाली छात्राओं में उपरोक्त विभाग में पीएचडी की छात्राएं सोनाली सांगवान, नेहा छाबड़ा और मोनिका जबकि एमएससी की प्रियंका और भावना शामिल हैं। मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. पुष्पा खरब ने बताया कि सोनाली सांगवान ने ए नीड ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर विषय पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार तथा नेहा छाबड़ा ने रोल ऑफ जैनेटिक्स, एपीजेनेटिक्स, एनवायरनमैंट एंड न्यूट्रीशन टूवार्डस प्लांट, एनीमल एंड ह्यूमन हेल्थ अंडर क्लाइमेट चेंज विषय पर हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मथुरा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिक प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार मोनिका ने बायोडायवर्सिटी एंड एनवायरनमैंटल सस्टेनेबिलिटी इन मार्डन इरा विषय पर डिपार्टमेंट ऑफ जोलोजी, छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज, हिसार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बैस्ट पोस्टर अवार्ड, भावना ने व्हीट प्रोडक्टीविटी एन्हांसमेंट थ्रू क्लाइमेट स्मार्ट प्रेक्टिसीज विषय पर हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ व्हीट एंड बार्ले रिसर्च, करनाल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय ग्रुप मीटिंग में बैस्ट पोस्टर अवार्ड जबकि प्रियंका ने सस्टेनेबल एनवायरनमैंट एंड एग्रीकल्चर अंडर ग्लोबल क्लाइमेट चेंज विषय पर डिपार्टमेंट ऑफ एनवायरनमेंटल साइंस, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह तथा उक्त कालेज के डीन, डॉ. राजबीर सिंह ने इन छात्राओं की इस सफलता के लिए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......सिटी पल्स......
दिनांक 26.3.2019 पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...1-5...

# हकृवि की पांच छात्राओं ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में जीते पुरस्कार

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मॉलेक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की छात्राओं ने विभिन्न संस्थानों द्वारा हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में पुरस्कार प्राप्त करके इस विश्वविद्यालय को गौरव दिलाया है।



हिसार। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

पुरस्कार जीतने वाली छात्राओं में उपरोक्त विभाग में पीएचडी की छात्राएं सोनाली सांगवान, नेहा छाबड़ा और मोनिका जबकि एमएससी की प्रियंका और भावना शामिल हैं।

मॉलेक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. पुष्पा खरब ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सोनाली सांगवान ने ए नीड ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर विषय पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार तथा नेहा छाबड़ा ने रोल ऑफ जैनेटिक्स, एपीजेनेटिक्स, एनवायरनमैंट एंड न्यूट्रीशन टूवार्डस प्लांट, एनीमल एंड ह्यूमन हैल्थ अंडर क्लाइमेट चेंज विषय पर हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मथुरा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिक प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

इसी प्रकार मोनिका ने बायोडायवर्सिटी एंड एनवायरनमैंटल सस्टेनेबिलिटी इन मार्डन इरा विषय पर डिपार्टमैंट ऑफ जोलोजी, छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज, हिसार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बैस्ट पोस्टर अवार्ड, भावना ने क्वीट प्रोडक्टीविटी एन्हांसमैंट थ्रू क्लाइमेट स्मार्ट प्रेक्टिसीज विषय पर हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर तथा इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ व्हीट एंड बार्ले रिसर्च, करनाल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ग्रुप मीटिंग में बैस्ट पोस्टर अवार्ड जबकि प्रियंका ने सस्टेनेबल एनवायरनमैंट एंड एग्रीकल्चर अंडर ग्लोबल क्लाइमेट चेंज विषय पर डिपार्टमेंट ऑफ एनवायरनमैंटल साइंस, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह तथा उपर्युक्त कॉलेज के डीन, डॉ. राजबीर सिंह ने इन छात्राओं की इस सफलता के लिए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....पाठक पक्ष....
दिनांक 26.3.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-3....

# एचएयू की छात्राओं ने हासिल किए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार



हिसार, 26 मार्च (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मॉलेक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की छात्राओं ने विभिन्न संस्थानों द्वारा हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में पुरस्कार प्राप्त करके इस विश्वविद्यालय को गौरव दिलाया है। पुरस्कार जीतने वाली छात्राओं में उपरोक्त विभाग में पी-एच.डी. की छात्राएं सोनाली सांगवान, नेहा छाबड़ा और मोनिका जबकि एम.एस-सी. की प्रियंका और भावना शामिल हैं। मॉलेक्यूलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फरमैटिक्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. पुष्पा खरब ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सोनाली सांगवान ने ए नीड ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर विषय पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार तथा नेहा छाबड़ा ने रोल ऑफ जैनेटिक्स, एपीजेनेटिक्स, एनवायरनमैंट एंड न्यूट्रीशन टूवार्ड्स प्लांट, एनीमल एंड ह्यूमन हैल्थ अंडर क्लाइमेट चेंज विषय पर हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मथुरा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिक प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार मोनिका ने बायोडायवर्सिटी एंड एनवायरनमैंटल सस्टेनेबिलिटी इन माडर्न इरा विषय पर डिपार्टमैंट ऑफ जोलोजी, छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज, हिसार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बैस्ट पोस्टर अवार्ड, भावना ने व्हीट प्रोडक्टीविटी एन्हांसमैंट थ्रू क्लाइमेट स्मार्ट प्रेक्टिसीज़ विषय पर हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ व्हीट एंड बार्ले रिसर्च, करनाल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ग्रुप मीटिंग में बैस्ट पोस्टर अवार्ड जबकि प्रियंका ने सस्टेनेबल एनवायरनमैंट एंड एग्रीकल्चर अंडर ग्लोबल क्लाइमेट चेंज विषय पर डिपार्टमैंट ऑफ एनवायरनमैंटल साइंस, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह तथा उपर्युक्त कालेज के डीन, डॉ. राजबीर सिंह ने इन छात्राओं की इस सफलता के लिए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर, अमर उजाला
दिनांक 27.3.2019 पृष्ठ सं. ....2, 6.... कॉलम ....8, 7........

## 28 मार्च को स्टूडेंट्स रक्तदान करेंगे

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 28 मार्च को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह रक्तदान शिविर का उद्घाटन करेंगे। डीएसडब्ल्यू डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि रक्तदान शिविर होम साइंस कालेज सभागार में प्रातः 9 बजे आरंभ होगा। शिविर में एचएयू तथा लुवास के विद्यार्थी, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी हिस्सा लेंगे तथा स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे। यूथ रेड क्रॉस के प्रोग्राम कोआर्डिनेटर , डॉ. अनिल ढाका व राष्ट्रीय स्वंयसेवक के संयोजक डॉ. भगत सिंह ने बताया कि उपरोक्त दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारियों से इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

## कॉलेज में रक्तदान शिविर कल

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 28 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह रक्तदान शिविर का शुभारंभ करेंगे।

यह जानकारी देते हुए छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि रक्तदान शिविर होम साइंस कॉलेज सभागार में प्रातः 9 बजे आरंभ होगा।

शिविर में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी हिस्सा लेंगे और स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम हरि भूमि, दैनिक जागरण

दिनांक 27.3.2019 पृष्ठ सं. 14, 17 कॉलम 1, 6

## रक्तदान शिविर कल वीसी करेंगे शुभारंभ

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 28 मार्च को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. केपी सिंह करेंगे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि रक्तदान शिविर होम साइंस कालेज सभागार में आरंभ होगा। शिविर में हकृवि तथा लुवास के विद्यार्थी, शिक्षक तथा गैरशिक्षक कर्मचारी हिस्सा लेंगे। यूथ रेडक्रॉस के प्रोग्राम कोर्डिनेटर, डॉ. अनिल ढाका तथा राष्ट्रीय स्वंयसेवक के संयोजक डॉ. भगत सिंह ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारियों से इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेते है।

## एचएयू में कल लगेगा रक्तदान शिविर

संस, हिसार: हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 28 मार्च को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। रक्तदान का शुभारंभ कुलपति प्रो. केपी सिंह करेंगे। छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया ने बताया कि रक्तदान शिविर होम साइंस कालेज सभागार में होगा। शिविर में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी रक्तदान करेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम नभ: छोर, पंजाब केसरी
दिनांक 26/3/19, 27/3/19 पृष्ठ सं. 3, 3 कॉलम 5:6, 3

# हकृवि में रक्तदान शिविर 28 को

हिसार/26 मार्च/रिपोर्टर
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 28 मार्च को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा जिसका उद्घाटन कुलपति प्रो. केपी सिंह करेंगे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर होम साईंस कॉलेज सभागार में प्रातः 9 बजे आरंभ होगा। शिविर में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी हिस्सा लेंगे तथा स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे। यूथ रैड क्रॉस के प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर, डॉ. अनिल ढाका व राष्ट्रीय स्वंयसेवक के संयोजक डॉ. भगत सिंह ने विश्वविद्यालय के डीनज़, डॉयरेक्टरज़ एवं विभाग एवं अनुभाग के अध्यक्षों से भी कर्मचारियों को इस पुनीत कार्य में योगदान देने हेतु प्रेरित करने का अनुग्रह किया है।

# रक्तदान शिविर कल

हिसार (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 28 मार्च को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह रक्तदान शिविर का उद्घाटन करेंगे।